भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2980
उत्तर देने की तारीख 22.03.2021

पीएमईजीपी के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना किया जाना

2980. **श्री सतीश चंद्र दुबेः**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत कितने सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना की गई है; और

(ख) अब तक इस योजना के अंतर्गत कितने लोगों हेतु रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं, तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
(श्री नितिन गडकरी)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) एक प्रमुख ऋण संबद्ध सब्सिडी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य परंपरागत कारीगरों और ग्रामीण/शहरी बेरोजगार युवाओं की सहायता करके गैर-कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म-उद्यमों की स्थापना के माध्यम से स्व-रोजगार के अवसर सृजित करना है। स्कीम के अन्तर्गत, नई इकाइयों की स्थापना के लिए, लाभार्थी विभिन्न श्रेणियों के लिए 15% से 35% की सब्सिडी के साथ, विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख रु. और सेवा क्षेत्र में 10 लाख रु. तक का ऋण लिया जा सकता है। विगत तीन वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत स्थापित सूक्ष्म-उद्यमों की संख्या और राज्य-वार स्कीम के अंतर्गत सृजित अनुमानित रोजगार के अवसर अनुबंध में दिए गए हैं।

******

अनुबंध

दिनांक 22.03.2021 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2980 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

स्थापित सूक्ष्म-उद्यमों की राज्य-वार संख्या और विगत तीन वित्त वर्षों के दौरान पीएमईजीपी के अंतर्गत अनुमानित सृजित रोजगार

क्र. सं.	राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश	2017-18		2018-19		2019-20	
		स्थापित सूक्ष्म-उद्यम	अनुमानित सृजित रोजगार	स्थापित सूक्ष्म-उद्यम	अनुमानित सृजित रोजगार	स्थापित सूक्ष्म-उद्यम	अनुमानित सृजित रोजगार
1	जम्मू और कश्मीर	3753	30024	7529	60232	5355	42840
2	हिमाचल प्रदेश	886	7088	1399	11192	1226	9808
3	पंजाब	1520	12160	1801	14408	1695	13560
4	चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश)	45	360	28	224	14	112
5	हरियाणा	1718	13744	2165	17320	2029	16232
6	दिल्ली	115	920	132	1056	93	744
7	राजस्थान	1577	12616	2359	18872	3024	24192
8	उत्तराखंड	1613	12904	2181	17448	1844	14752
9	उत्तर प्रदेश	5432	43456	5243	41944	6118	48944
10	छत्तीसगढ	1463	11704	3094	24752	2810	22480
11	मध्य प्रदेश	1804	14432	2526	20208	2175	17400
12	सिक्किम	37	296	55	440	79	632
13	अरुणाचल प्रदेश	209	1672	280	2240	211	1688
14	नागालैंड	930	7440	1208	9664	1109	8872
15	मणिपुर	600	4800	1291	10328	1173	9384
16	मिजोरम	249	1992	1123	8984	760	6080
17	त्रिपुरा	1116	8928	1179	9432	963	7704
18	मेघालय	75	600	390	3120	377	3016
19	असम	2282	18256	3737	29896	2587	20696
20	बिहार	2307	18456	3303	26424	2216	17728
21	पश्चिम बंगाल	1366	10928	2413	19304	2222	17776
22	झारखंड	1111	8888	1797	14376	1544	12352
23	ओडिशा	2399	19192	3070	24560	2723	21784
24	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	218	1744	229	1832	93	744
25	गुजरात *	1876	15008	3500	28000	3983	31864
26	महाराष्ट्र **	3329	26632	5642	45136	4406	35248
27	गोवा	50	400	78	624	90	720
28	आंध्र प्रदेश	1527	12216	2220	17760	2188	17504
29	तेलंगाना	1190	9520	2051	16408	2174	17392
30	कर्नाटक	2115	16920	3657	29256	3697	29576
31	लक्षद्वीप द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	0
32	केरल	1347	10776	2486	19888	2438	19504
33	तमिलनाडु	4095	32760	5185	41480	5173	41384
34	पुडुचेरी	44	352	76	608	64	512
	कुल	**48398**	**387184**	**73427**	**587416**	**66653**	**533224**

* दमन और दीव सहित

** दादरा और नगर हवेली सहित